**नवादा जिलान्तर्गत जिला मुख्यालय के अंतर्गत मौजा नवादा, थाना नं0-367, खाता-752, खेसरा-1279, रकवा-0.51/2 एकड़ हरिशचन्द्र पार्क, गैरमजरुआ आम (अनाबाद एवं साधारण) बिहार सरकार की भूमि पर खेल-सह-व्यायामशाला का निर्माण कार्य के लिए दिनांक: 28.11.2018 को प्राप्त राष्ट्रीय स्पर्द्धा ई0-पुनर्निविदा का तकनीकी बीड निस्तार के लिए निगम निविदा समिति का दिनांक 14.01.2019 को ~~हूत बैठक की कार्यवाही:-**

---

**उपस्थिति:-**

1. **श्री अमित कुमार,** प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना। — अध्यक्ष
2. **श्री उपेन्द्र नारायण,** अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त-सह-विशेष सचिव, भ0नि0वि0, पटना। — सदस्य
3. **श्री रवि शंकर चौधरी,** संयुक्त सचिव-सह-आन्तरिक वित्तीय सलाहकार, भ0नि0वि0, पटना। — सदस्य
4. **श्री राकेश कुमार,** मुख्य महाप्रबंधक, बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना। — सदस्य
5. **श्री तपेश्वर प्रसाद साह,** महाप्रबंधक (वित्त), बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना। — सदस्य
5. **श्री रंजित प्र0 सिंह,** महाप्रबंधक (दक्षिण), बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना। — सदस्य

**<u>कार्यवाही:-</u>**

**1.योजना का नाम:-** नवादा जिलान्तर्गत जिला मुख्यालय के अंतर्गत मौजा नवादा, थाना नं0-367, खाता-752, खेसरा-1279, रकवा-0.51/2 एकड़ हरिशचन्द्र पार्क, गैरमजरुआ आम (अनाबाद एवं साधारण) बिहार सरकार की भूमि पर खेल-सह-व्यायामशाला का निर्माण कार्य।

| | |
|---|---|
| **2.प्रशासनिक स्वीकृति की राशि :-** | ₹661.00 लाख |
| **3.प्रावैधिक स्वीकृति की राशि :-** | ₹696.97 लाख (अनुज्ञेय सीमा के अधीन) |
| **4.परिमाण विपत्र की राशि:-** | ₹6,51,37,787/- |
| **5.निविदा प्राप्त करने की तिथि:-** | 28.11.2018 |
| **6.निविदा खोलने की तिथि:-** | 30.11.2018 |
| **7.निविदा प्रसारण का माध्यम:-** | ई-निविदा एवं दैनिक समाचार पत्र |
| **8.निविदा आमंत्रण सूचना प्रकाशन की तिथि एवं प्रकाशित समाचार पत्र का नाम:-** | दैनिक जागरण/हिन्दुस्तान, दिनांक 27.10.18 |
| **9.प्रकाशन का पी0आर0 संख्या:-** | 10454 (Ni.Ni) 2018-19 |

**10.निविदा में भाग लेनेवाले निविदादाता का नाम एवं पता:-**

(xiv) बालकृष्ण भालोटिया कंस्ट्रक्शन प्रा0 लि0, जमुई बाजार, जमुई-811307
(xv) मेसर्स राहूल, बी-41 व्यासनगर, आशियाना नगर, पटना
(xvi) आशीष रंजन, ग्राम-तहवाल बीघा, गोविन्दपुर, जिला-नवादा
(xvii) सुदेश कुमार सिंह एण्ड, कं0 कंस्ट्रक्शन प्रा0 लि0, कल्याणपुर, गिरिश टौकिज के नजदीक, जमुई

## <u>11. तकनीकी मूल्यांकन समिति की समीक्षा:-</u>

<u>प्रथमवार आमंत्रित निविदा:-</u> राष्ट्रीय स्पर्द्धा ई0-निविदा आमंत्रण सूचना सं0-23/2018-19, दिनांक: 08.08.2018 के द्वारा उक्त निविदा को रद्द कर दिया गया था। जिसका पी0आर0 सं0-4420 (नि0नि0) 2018-19 है में दो निविदादाता द्वारा भाग लिया गया था, तथा निगम का आदेश का पत्रांक-2393, दिनांक: 08.08.2018 के द्वारा उक्त निविदा को रद्द कर दिया गया था।

<u>द्वितीयवार आमंत्रित (वर्त्तमान):-</u> इस निविदा में चार निविदादाताओं द्वारा भाग लिया गया, जिनके द्वारा अपलोड किए गए कागजातों को उप-महाप्रबंधक, पी0आई0यू0, गया द्वारा डाउनलोड कर समर्पित किया गया जिसका तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा मूल्यांकन किया गया जो निम्नवत्त है:-

प्रथम निविदादाता ''बालकृष्ण भालोटिया कंस्ट्रक्शन प्रा0 लि0, जमुई बाजार, जमुई-811307'' है, के द्वारा अपलोड किये गये कागजातों का तकनीकी मूल्यांकन समिति द्वारा समीक्षा की गयी। समीक्षोपरांत एस0बी0डी0 की सभी कंडिकाओं के तहत इन्हें रिस्पॉन्सिव पाया गया। अतएव समिति द्वारा इन्हें तकनीकी बीड में सफल घोषित करने की अनुशंसा की गयी है।

द्वितीय निविदादाता ''मेसर्स राहूल, बी-41 व्यासनगर, आशियाना नगर, पटना'' है, समीक्षा के क्रम में पाया गया कि इनके द्वारा एस0बी0डी0 की कंडिका 4.5A(b), के तहत Similar Nature का एक कार्य का पूर्णता प्रमाण-पत्र संलग्न नही किया गया है एवं कंडिका 4.3A(c), के तहत Furniture work का अनुभव प्रमाण-पत्र संलग्न नही किया गया है। अतएव, इन्हें नॉन-रिस्पॉन्सिव पाया गया एवं तकनीकी बीड में असफल घोषित करने की अनुशंसा की गयी है।

तृतीय निविदादाता ''आशीष रंजन, ग्राम-तहवाल बीघा, गोविन्दपुर, जिला-नवादा'' है, के द्वारा अपलोड किये गये कागजातों का तकनीकी मूल्यांकन समिति द्वारा समीक्षा की गयी। समीक्षोपरांत एस0बी0डी0 की सभी कंडिकाओं के तहत इन्हें रिस्पॉन्सिव पाया गया। अतएव समिति द्वारा इन्हें तकनीकी बीड में सफल घोषित करने की अनुशंसा की गयी है।

चतुर्थ निविदादाता ''सुदेश कुमार सिंह एण्ड, कं0 कंस्ट्रक्शन प्रा0 लि0, कल्याणपुर, गिरिश टौकिज के नजदीक, जमुई'' है, समीक्षा के क्रम में पाया गया कि इनके द्वारा एस0बी0डी0 की कंडिका 4.3A(c), के तहत Furniture work का अनुभव प्रमाण-पत्र संलग्न नही किया गया है एवं 4.5B(a), के तहत Steel Shuttering and water tanker का कागजात पॉच वर्ष से ज्यादा का संलग्न किया गया है। अतएव, इन्हें नॉन-रिस्पॉन्सिव पाया गया एवं तकनीकी बीड में असफल घोषित करने की अनुशंसा की गयी है।

## 11. निगम निविदा समिति का निर्णयः-

उपरोक्त तथ्यों पर सम्यक विचारोपरान्त समिति द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि तकनीकी मूल्यांकन समिति की दिनांक 12.01.2019 की अनुशंसा (संलग्न) के आलोक में इस निविदा के दो निविदादाताओं (i) बालकृष्ण भालोटिया कंस्ट्रक्शन प्रा0 लि0, जमुई बाजार, जमुई-811307 एवं (ii) आशीष रंजन, ग्राम-तहवाल बीघा, गोविन्दपुर, जिला-नवादा को तकनीकी बीड में सफल घोषित किया जाता है तथा शेष दो निविदादाता (i) मेसर्स राहूल, बी-41 व्यासनगर, आशियाना नगर, पटना एवं (ii) सुदेश कुमार सिंह एण्ड, कं0 कंस्ट्रक्शन प्रा0 लि0, कल्याणपुर, गिरिश टौकिज के नजदीक, जमुई को असफल घोषित किया जाता है। साथ ही समिति द्वारा यह निर्णय भी लिया गया कि इस कार्यवाही को निगम बेवसाईट पर रखा जाय एवं दिनांक 21.01.2019 के पूर्वाह्न 11.00 बजे तक निविदा से संबंधित किसी प्रकार की आपत्ति प्राप्त होती है, तो मुख्य महाप्रबंधक पुनः तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की पूर्न बैठक आहूत कर अनुशंसा के साथ अगली निगम निविदा समिति के समक्ष प्रस्तुत करेंगे। उक्त तिथि तक किसी प्रकार की आपत्ति प्राप्त नही होने की स्थिति में सभी दोनों सफल निविदादाताओं का वित्तीय बीड खोलकर मुख्य महाप्रबंधक तकनीकी बीड मुल्यांकन समिति की बैठक आहूत कर समिति के समक्ष प्रस्तुत करेगे।

13. निगम निविदा समिति की इस कार्यवाही को निगम बेवसाईट पर डाली जाय।

| | | |
|---|---|---|
| 14/1/19<br>(रंजित प्र0 सिह)<br>महाप्रबंधक (दक्षिण)<br>बि0रा0भ0नि0नि0लि0, पटना। | 14.01.19.<br>(तपेश्वर प्र0 साह)<br>महाप्रबंधक (वित्त)<br>बि0रा0भ0नि0नि0लि0, पटना। | 14.1.19<br>(राकेश कुमार)<br>मुख्य महाप्रबंधक<br>बि0रा0भ0नि0नि0लि0, पटना। |
| 2019<br>(रवि शंकर चौधरी)<br>संयुक्त सचिव-सह-आ0 वित्तीय सलाहकार, भ0नि0वि0, पटना। | (उपेन्द्र नारायण)<br>अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त-सह-विशेष सचिव, भ0नि0वि0, पटना। | 14/1/19<br>(अमित कुमार)<br>प्रबंध निदेशक<br>बि0रा0भ0नि0नि0लि0, पटना। |